उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

संख्या : ओ.यू./ 382 /2023 दिनाँक 17–06–2023

सूचना

एतद्द्वारा मा. कुलपति जी के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के समस्त निदेशकों/अधिकारियों/शिक्षकों/प्रभारियों/क्षेत्रीय समन्वयकों/परामर्शदाताओं/कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि दिनाँक 21–06–2023 को **"अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस"** के अवसर पर विश्वविद्यालय मुख्यालय पर (क्षेत्रीय केन्द्र, प्रयागराज सहित) योग का कार्यक्रम प्रातः 7:00 से 9:00 बजे तक यमुना परिसर स्थित त्रिवेणी सामुदायिक केन्द्र तथा अन्य समस्त क्षेत्रीय केन्द्रों पर आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है। मुख्यालय पर आयोजित उक्त कार्यक्रम की मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति साधना ठाकुर जी, मा. उच्च न्यायालय, इलाहाबाद तथा विशिष्ट अतिथि श्री गुरू प्रसाद मौर्य, मा. विधायक, फाफामऊ विधान सभा, प्रयागराज होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मा. कुलपति प्रो. सीमा सिंह जी करेंगी।

अतः कृपया तदनुसार उक्त कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें। साथ ही अपने परिवार जनों तथा अन्य सहयोगियों की प्रतिभागिता भी सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

(विनय कुमार)
कुलसचिव

पृ.संख्या : ओ.यू./382(1)/2023 तद्दिनाँक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. विश्वविद्यालय के समस्त निदेशकों/अधिकारियों/प्रभारियों को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने विद्याशाखा/विभाग/अनुभाग/प्रकोष्ठ से सम्बन्धित शिक्षकों/परामर्शदाताओं/कर्मचारियों को उक्त सूचना के सम्बन्ध में अपने स्तर से सूचित करने का कष्ट करें।
2. निदेशक, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
3. विश्वविद्यालय के समस्त क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयकों को इस आशय से प्रेषित कि कृपया तदनुसार योग कार्यक्रम आयोजित कराते हुए उक्त कार्यक्रम की जियो टैग फोटोग्राफ एवं प्रतिभागियों की संख्या सहित विस्तृत रिपोर्ट तद्दिवस ही अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
4. प्रभारी, आई.सी.टी. को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त कार्यक्रम की सूचना विश्वविद्यालय वेबसाइट में अपलोड कराने का कष्ट करें।
5. वित्त अधिकारी, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
6. कुलपति जी के निजी सचिव को माननीय कुलपति जी के सादर सूचनार्थ।

(विनय कुमार)
कुलसचिव